संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार- अवन्तिका पृष्ठ 04 दिनांक 03/03/2021

# कलेक्टर श्री डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

## कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया

दैनिक अवंतिका ● रतलाम

कलेक्टर श्री गोपाल चंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट श्री प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की।

इस दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर श्री डाड ने कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए



### निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया

कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## कलेक्टर ने मुखर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं हो। अवन्तिका

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए निर्देश

# हर घर से उठे कचरा, गंदगी करने वालों के लिये उड़नदस्ता भी रहे मुस्तैद



रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के लिए पुरी ताकत लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर नगर के 49 ही वार्डो के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर निर्देशित किया कि हर घर से कचरा उठवाया जाए और उसका समुचित निपटान करवाया जाये इसके बाद भी अगर कोई नागरिक अपनी दुकान या मकान के बाहर कचरा फैंकता है तो स्पॉट फाईन वसूलने वाला उडनदस्ता 24 घंटे मुस्तैद रहे।

बैठक में श्री झारिया ने निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण दल के आने के पहले अब निगम का अमला स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को नम्बर 1 बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की तरह कार्य करेगा। स्वच्छता अभियान में तैनात पर्यवेक्षकों निर्देशित किया कि मेन पावर और मशीनरी पावर का नियमानुसार उपयोग कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नही छोड़े।

घर,दुकानों के बाहर व नालियों के साथ ही सार्वजनिक "स्थानों पर कचरा फैकने वालों पर जुर्माना करने के लिये स्पॉट फाईन उड़न दस्ता गठित किया गया है ,जो प्रात: 5 रात्रि 12 बजे तक शहर की सड़कों पर रहेगे। ये सभी नगर निगम की गणवेश में रहेगे और इनके वाहनों में सायरन की सुविधाएं भी रहेगी।

बैठक के दौरान बेस्ट लोकेशन को लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। इसके साथ ही अस्थायी कचरा स्थलों को समाप्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को दिए गए है। आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षक, स्पॉट फाईन दल सहित स्वच्छता से जुड़े निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक दर्जन से अधिक लठैत तैनात

इसी के साथ मोहल्ले, कालोनी और सार्वजनिक आदि स्थानों पर सुबह जल्दी या रात के अंधेरे में कचरे के थैले व थैलियां फेंकने वालों के विरूद्ध दर्जन भर से ज्यादा लठैत (लाठी वाले कर्मचारी) तैनात किए जा रहे है। इसी तरह शहर के सभी वार्डो में पुलिस विभाग की तरह हर गली, हर मोहल्ला, हर कालोनी, सड़क आदि का रूट चार्ट तैयार कराया गया है। ये रूट चार्ट हर झोन कार्यालय पर रहेगा। इस रूट चार्ट से पता चलेगा कि कचरा संग्रहण वाहन का चालक व हेल्पर कौन है? सड़कों की सफाई कौन करता है? नालियों आदि से कचरा कौन एकत्र कर रहा है। जिन वार्डो में बगीचे है उन्हें स्मार्ट बगीचे बनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। हर वार्ड की सड़के, नालियों को नियमित साफ किया जाए। पूरे शहर के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग ही लिया जाए।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 12 दिनांक 22/03/2021

# रतलाम को महानगर बनाने में स्वच्छता की अहम भूमिका है

**रतलाम।** हम नगर से महानगर की ओर बढ़ रहे विकास कार्यो की गति तेज हुई है, और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य भी किए जा रहे है। मगर महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यो के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए ताकि रतलाम शहर का नाम स्वच्छता के मामले में भी उन महानगरों को चुनौति दे सके जो हमसे स्वच्छता की दौड़ में देश में आगे चल रहे है।



डोगरे नगर में 21.37 लाख रुपए से निर्मित कम्युनिटी हांल के लोकापर्ण

उक्त विचार रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र के सांसद गुमानसिंह डामोर ने रविवार को शहर के डोंगरे नगर क्षेत्र में नवनिर्मित कम्युनिटी हाल के लोकापर्ण समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। 21.37 लाख की लागत से निर्मित इस कम्युनिटी हॉल के लोकार्पण समारोह में नगर विधायक श्री चैतन्य काश्यप, भारतीय जनता पार्टी के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहूलियत हुई है। कई क्षेत्रों के लोगों को अब मोटी रकम अन्य मैरिज गार्डनों और मांगलिक भवनों पर खर्च नही करना पड़ेगी। हमारा प्रयास है कि रतलाम शहर के हर वार्ड में ऐसे भवन बनाए जाएगे जो भवन हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम के चौमुखी विकास के लिए किसी तरह की कसर नही छोड़ी जा रही है। सीवरेज कार्य अंतिम चरण में है और शहर में गंदे पानी की समस्या का समुचित रुप से हल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमे भविष्य के रतलाम का निर्माण कर रहे है। 1800 हेक्टयर भूमि पर औद्योगिक पार्क का निर्माण होगा, यहां रीजनल एयरपोर्ट बनेगा, आने वाले दिनों अवैध कालोनियों को वैध कराने की प्रक्रिया भी शुरु की जा रही है। हमारा प्रयास है कि रतलाम को महानगर की श्रेणी में लाकर इसे खूबसूरत शहर बनाया जाए। समारोह में मौजूद भाजपा के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर में विकास की गंगा बहे और नागरिक इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए। भाजपा के कार्यकाल में अनेकों जनहितैषी योजनाएं चल रही है और इन योजनाओं का भरपूर लाभ आमजन को दिया जा रहा है। रतलाम शहर में मांगलिक भवनों के निर्माण से आमजन को काफी सुविधा होगी। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए शहर में निर्मित किए जा रहे मांगलिक भवनों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी सिलसिलेवार जानकारी दी।

लोकार्पण अवसर पर भाजपा नेता बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल,प्रदीप उपाध्याय, अनिता कटारिया, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, प्रहलाद पटेट, संतोष पोरवाल,दिनेश शर्मा, आदित्य डागा, गोविन्द काकानी, अनिता कटारा, ललिता पंवार, सत्यदीप भट्ट आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण––पृष्ठ 18 दिनांक 03/03/2021

# सीवरेज पाइप लाइन को लेकर NSUI ने फूंका शहर विधायक का पुतला



रतलाम। मंगलवार शाम को शहर के घास बाजार क्षेत्र में सीवरेज पाइप लाइन के बयान को लेकर **NSUI** द्वारा शहर विधायक चेतन काश्यप का पुतला फूंकते हुए नारे-बाजी की। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर विधायक चेतन काश्यप द्वारा कुछ समय पूर्व सीवरेज पाइप लाइन पर दिए गए विवादित बयान पर मंगलवार को राजनीती गरमा गई। इस बीच **NSUI** द्वारा शहर के व्यस्तम क्षेत्र घांस बाजार में विधायक चेतन काश्यप का पुतला फूंका गया। इस दौरान मौके पर मौजूद **NSUI** के सदस्यों द्वारा विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुतला जलाने के समय घटनास्थल पर मौजूद फायर ब्रिगेट द्वारा आग बुझाई गई। प्रसारण

# संक्रमण नहीं अब लापरवाही

## सरकारी ऑफिसों में सुबह 10.30 बजे से काम शुरू होना चाहिए, यहां ताले ही खुल रहे, ना अफसर मिल रहे हैं ना ही कर्मचारी

**भास्कर लाइव**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भले कोरोना संक्रमण का डर कम होने लगा है। अनलॉक में सब काम सुचारू हो गए हैं लेकिन सरकारी दफ्तरों में लापरवाही बरकरार है। पहले लॉकडाउन और फिर ठंड का बहाना था। अब तो वह भी नहीं रही। इसके बाद भी कर्मचारी ऑफिस समय पर नहीं पहुंच रहे हैं।

ऑफिसों में सुबह 10.30 बजे काम शुरू हो जाना चाहिए लेकिन दफ्तर के ताले तक नहीं खुल रहे हैं। अफसर समय पर आ रहे है और ना उन्हें यह देखने की फुर्सत है कि स्टाफ समय पर आ रहा है या नहीं। जनता परेशान है और उनके जरूरी काम अटक रहे हैं। मंगलवार को भास्कर ने सरकारी दफ्तरों का जायजा लिया तो यही स्थिति मिली। ना तो अफसर समय पर दफ्तर पहुंचे और ना ही कर्मचारी। सरकारी दफ्तर में सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक का समय है।

स्थिति यह है कि अधिकारी निरीक्षण पर निकलते हैं तो कर्मचारी लापरवाह हो जाते हैं और ऑफिस समय पर नहीं पहुंचते। हद यह रही कि भास्कर ने समय को लेकर सवाल किया तो वे बोले कर्मचारियों को छोड़ो और काम बताओ। जबकि आमजन संबंधित अधिकारी को फोन लगाकर बात भी नहीं रख पाता और चक्कर लगाता रह जाता है।

### 1. ऑफिस शुरू होने के समय प्यून ने खोला विभाग का ताला



**जिला शिक्षा केंद्र, सुबह 10.30 बजे**

प्यून अशोक कुमार पहुंचा। मेन गेट का ताला खोला। डीपीसी के कक्ष का ताला खोला और लाइट चालू की। सुबह 10.40 बजे तक भी कोई नहीं पहुंचा। प्यून ने बताया साहब फिल्ड में हैं। अन्य कर्मचारी आने वाले हैं। सुबह 10.45 बजे तक कोई नहीं आया। रोज यही स्थिति रहती है। यहां 15 कर्मचारियों का स्टाफ है।

**अहमियत**- 8वीं तक के सभी स्कूल विभाग में आते हैं। आरटीई के एडमिशन हो या भुगतान, स्कूलों निर्माण सभी ये ही करवाता है।

**जिम्मेदार**-डीपीसी मोहनलाल सांसरी बोले सुबह 10 बजे पहुंच गया था। बाहर से ही निरीक्षण करने पहुंच गया। कर्मचारियों से समय को लेकर बात करेंगे।

### 2. गेट पर मिला बाबू, बोला : थोड़ी देर में सभी कर्मचारी आते होंगे



**रतलाम विकास प्राधिकरण, सुबह 10.35 बजे**

गेट पर विभाग के बाबू राजेश उपाध्याय कुर्सी लगाकर गेट पर बैठे हैं। अन्य कर्मचारी नहीं है। पूछा ईई साहब सहित अन्य कर्मचारी कहां है तो जवाब मिला अभी थोड़ी देर में आने वाले हैं। यहां कर्मचारी सुबह 11 बजे ही पहुंचते हैं। सभी कर्मचारी अपने मनमर्जी से पहुंचते हैं। विभाग में 10 का स्टाफ है।

**अहमियत**- आरडीए ने जो कॉलोनियां काटी है उसकी जानकारी, रजिस्ट्री, आवंटन सहित अन्य कामों के लिए लोग यहां आते हैं।

**जिम्मेदार**-विभाग के ईई रंजन गर्ग ने बताया मैं फील्ड पर था। इसलिए नहीं आ पाया। अन्य कर्मचारी भी समय पर ही आते हैं। आप तो काम बताइये।

### 3. कर्मचारी-ऑफिस खाली है तो क्या हुआ, आप काम बताइये



**सामाजिक सुरक्षा विभाग, सुबह 10.40 बजे**

सभी टेबलें खाली। अंदर प्रवेश किया तो बाहर खड़ा कर्मचारी किशोर कुमार आया और बोला क्या काम है। पूछा कर्मचारी कब तक आएंगे तो जवाब मिला आप तो काम बताइये। क्या आपको समग्र आईडी बनवाना है। बनवाना है तो दरवाजे पर लगे ये डॉक्यूमेंट लेकर आना। विभाग में 7 का स्टाफ है।

**अहमियत**- समग्र आईडी बनाई जाती है। स्कूलों में एडमिशन, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति, कॉलेज में एडमिशन में अहम भूमिका।

**जिम्मेदार**-विभाग का काम आयुषी पालीवाल देखती है। वो दफ्तर में नहीं मिली और मोबाइल भी बंद मिला। उन्हें भास्कर ने अपना सवाल भेज दिया है।

### 4. आप रुक जाओ, थोड़ी देर में साहब आ ही जाएंगे



**लोक निर्माण विभाग, सुबह 10.45 बजे**

मुख्य द्वार पर विभाग का प्यून शैलेंद्रसिंह खड़ा था। अंदर प्रवेश करने पर बोला कहां जा रहे हो ऑफिस में कोई नहीं है। विभाग के ईई दीपेश ओझा के चैंबर का दरवाजा बंद था। लेकिन लाइट और पंखे चालू थे। प्यून बोला थोड़ी देर रुको, साहब आने वाले हैं। यहां के हाल भी अन्य विभागों की तरह रहे। 25 का स्टाफ है।

**अहमियत**- सड़क के साथ ही अन्य निर्माण संबंधी काम होते हैं। यह मुख्यालय है। निर्माण संबंधी कोई शिकायत है तो यहां की जा सकती है।

**जिम्मेदार बोले**-ईई दीपेश गुप्ता ने बताया ऑफिस खुलने का समय सुबह 10.30 बजे का है। कल से सभी कर्मचारी समय पर आए। व्यवस्था की जाएगी।

### 5. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सफाई करता मिला, बोला- साहब अभी आ रहे हैं



**वन विभाग, सुबह 10.30 बजे**


डीएफओ का कक्ष बंद था। सामने बने विभागीय कमरे खुले थे। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सफाई कर रहा था। साहब अब तक नहीं आए पूछने पर उसने बताया कि कुछ समय बाद सब आ जाएंगे। विभाग में 40 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत है।

**अहमियत**- विभागीय कर्मचारी प्रकरणों के निराकरण, आमजन शिकायतों के लिए, पट्टों के लिए आवेदन यहीं होते हैं।

**जिम्मेदार**- डीएफओ डीएस डोडवे ना तो कक्ष में मिले और ना ही उन्होंने कॉल रिसीव किया। उन्हें भास्कर ने सवाल भेज दिया है।

भास्कर

### 6. अफसर नहीं आए... ऑफिस के आधे कक्ष तो खुले तक नहीं



**आदिम जाति कल्याण विभाग, सुबह 10.30 बजे**

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कैबिन की सफाई करते मिला। बोला कि अभी कोई भी नहीं आया है। सिर्फ जैन साहब बैठे है। कब तक आएंगे पूछा तो कहा कि 10 से 15 मिनट बाद आना शुरू हो जाएंगे। विभाग में 40 कर्मचारी कार्यरत है।

**अहमियत** - छात्रवृत्ति, छात्रावास, निर्माण कार्य, वेतन भत्ते सहित अन्य काम होते है, डेढ़ हजार शिक्षक और 25 हजार स्टूडेंट जुड़े।

**जिम्मेदार**-विभाग के प्रभारी और ग्रामीण एसडीएम एमएल आर्य ने बताया सुबह 11.30 बजे तक पहुंचा था। मैं कल कार्यालय में पूछताछ करता हूं।

सिंघम-2

# डोंगरे नगर में 21.37 लाख रुपए से निर्मित कम्युनिटी हाल के लोकापर्ण

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**



हम नगर से महानगर की ओर बढ़ रहे विकास कार्यों की गति तेज हुई है, और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य भी किए जा रहे है। मगर महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए ताकि रतलाम शहर का नाम स्वच्छता के मामले में भी उन महानगरों को चुनौति दे सके जो हमसे स्वच्छता की दौड़ में देश में आगे चल रहे है।

उक्त विचार रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र के सांसद गुमानसिंह डामोर ने रविवार को शहर के डोंगरे नगर क्षेत्र में नवनिर्मित कम्युनिटी हाल के लोकापर्ण समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। 21.37 लाख की लागत से निर्मित इस कम्युनिटी हॉल के लोकार्पण समारोह में नगर विधायक श्री चैतन्य काश्यप, भारतीय जनता पार्टी के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहूलियत हुई है। कई क्षेत्रों के लोगों को अब मोटी रकम अन्य मैरिज गार्डनों और मांगलिक भवनों पर खर्च नही करना पड़ेगी। हमारा प्रयास है कि रतलाम शहर के हर वार्ड में ऐसे भवन बनाए जाएगें जो भवन हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

श्री काश्यप् ने कहा कि रतलाम के चौमुखी विकास के लिए किसी तरह की कसर नही छोड़ी जा रही है। सीवरेज कार्य अंतिम चरण में है और शहर में गंदे पानी की समस्या का समुचित रुप से हल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य के रतलाम का निर्माण कर रहे है। 1800 हेक्टयर भूमि पर औधौगिक पार्क का निर्माण होगा, यहां रीजनल एयरपोर्ट बनेगा, आने वाले दिनों अवैध कालोनियों को वैध कराने की प्रक्रिया भी शुरु की जा रही है। हमारा प्रयास है कि रतलाम को महानगर की श्रेणी में लाकर इसे खूबसूरत शहर बनाया जाए।

समारोह में मौजूद भाजपा के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर में विकास की गंगा बहे और नागरिक इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए। भाजपा के कार्यकाल में अनेकों जनहितैषी योजनाएं चल रही है और इन योजनाओं का भरपूर लाभ आमजन को दिया जा रहा है। रतलाम शहर में मांगलिक भवनों के निर्माण से आमजन को काफी सुविधा होगी।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए शहर में निर्मित किए जा रहे मांगलिक भवनो के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी सिलसिलेवार जानकारी दी।

लोकार्पण अवसर पर भाजपा नेता बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल,प्रदीप उपाध्याय, अनिता कटारिया, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, प्रहलाद पटेट, संतोष पोरवाल,दिनेश शर्मा, आदित्य डागा, गोविन्द काकानी, अनिता कटारा, ललिता पंवार, सत्यदीप भट्ट आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 05 दिनांक 03/03/2021

# कलेक्टर डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण कि

## कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया, निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्य प्रणाली से अव





प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्य प्रणाली से अवगत हुए।

कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर श्री डाड ने कचरे के पृथकरण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है, जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं।

गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

### निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण कि

कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने
ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान
निरीक्षण किया। लगभग 100 श्वा
निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आ
रखा जाएगा और बंध्याकरण किया ज
नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति

## प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण



कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुलव
निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे
योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी
गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वा
नगर में पीएम आवास योजना के त
आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी
कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग
असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को
फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए,
हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्दे
बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि ए
मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डि
बनाई गई है जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को नि
निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई

प्रसारण

# ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम। ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी.के. गोगादे ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर गजेंद्रसिंह, दिलीप सोलंकी, रुचिसिंह, आर.के. खरे, अशोक जोहरी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार तहसील आलोट के लिए उपयंत्री के.एन. कुमावत मोबाइल नंबर 94 240 47340, तहसील ताल के लिए उपयंत्री बी.एल. बिंडोरिया मोबाइल 9424 88 4525, तहसील जावरा के लिए उपयंत्री इरफान अली मोबाइल 94259 37171, तहसील पिपलोदा के लिए उपयंत्री विजय शर्मा मोबाइल 99815 30705 से किसी भी समस्या पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार तहसील रतलाम के लिए सहायक यंत्री श्री सुखराम मेडा मोबाइल 84356 44081, उपयंत्री अर्पित चतर मोबाइल 93401 66238, उपयंत्री एम.के. पंडित मोबाइल 708900 815 से संपर्क किया जा सकता है। तहसील सैलाना के लिए उपयंत्री एन.के. जोशी मोबाइल 94248 24905, तहसील रावटी के लिए उपयंत्री एस.आई. अली मोबाइल 999 3380 969, तहसील बाजना के लिए उपयंत्री आर.के. कुमावत मोबाइल 98274 37292 से संपर्क किया जा सकता है।

# गंदगी करने वालों पर स्पॉट फाईन हेतु दल का गठन

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले-नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

## 705 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 705 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। मंगलवार को तेजा नगर, गांधी नगर व विनोबा नगर से तीन मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

अग्निबाण – 2

गंदगी रोकने के लिए तैनात किए जा रहे हैं लठैत

# सफाई के लिए अब लाठी लेकर निकला निगम...

## पुलिस स्टाईल में हर गली-मोहल्ले की निगरानी रखने रूट चार्ट तैयार कराया

● रतलाम

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के लिए पूरी ताकत झोकने के बाद भी पूरा रिजल्ट नही मिलने पर अब नगर निगम ने लाठी का सहारा लिया है। निगम अब दर्जनभर से ज्यादा लठैत (लाठी वाले कर्मचारी) तैनात कर रहा है जो उन लोगों पर नजर रखेंगे या लाठ से डराएंगे जो सुबह जल्दी या रात के अंधेरे में कचरा फैलाते है। इसके साथ ही पुलिस विभाग की तरह हर गली मोहल्ले में निगरानी रखने के लिए निगम ने रूट चार्ट भी तैयार कराया है।**




सफाई व्यवस्था को लेकर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर के 49 ही वार्डो के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर निर्देशित किया कि हर घर से कचरा उठवाया-जाए और उसका समुचित निपटान करवाया जाये इसके बाद भी अगर कोई नागरिक अपनी दुकान या मकान के बाहर कचरा फैंकता है तो स्पॉट फाईन वसूलने वाला उडनदस्ता 24 घंटे मुस्तैद रहे।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण दल के आने के पहले अब निगम का अमला स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को नम्बर 1 बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की तरह कार्य करेगा। स्वच्छता अभियान में तैनात पर्यवेक्षकों निर्देशित किया कि मेन पावर और मशीनरी पावर का नियमानुसार उपयोग कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नही छोड़े। घर, दुकानों के बाहर व नालियों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना करने के लिये स्पॉट फाईन उड़न दस्ता गठित किया गया है जो प्रात: 5 रात्रि 12 बजे तक शहर की सड़कों पर रहेंगे। ये सभी नगर निगम की गणवेश में रहेंगे और इनके वाहनों में सायरन की सुविधाएं भी रहेगी। इसी के साथ मोहल्ले, कालोनी और सार्वजनिक आदि स्थानों पर सुबह जल्दी या रात के अंधेरे में कचरे के थैले व थैलियां फेंकने वालो के विरूद्ध दर्जन भर से ज्यादा लठैत (लाठी वाले कर्मचारी) तैनात किए जा रहे हैं। इसी तरह शहर के सभी वार्डों में पुलिस विभाग की तरह हर गली, हर मोहल्ला, हर कालोनी, सडक आदि का रुट चार्ट तैयार कराया गया है। ये रुट चार्ट हर झोन कार्यालय पर रहेगा। इस रुट चार्ट से पता चलेगा कि कचरा संग्रहण वाहन का चालक व हेल्पर कौन है? सड़कों की सफाई कौन करता है? नालियों आदि से कचरा कौन एकत्र कर रहा है। जिन वार्डों में बगीचे है उन्हे स्मार्ट बागीचे बनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। हर वार्ड की सडके, नालियों को नियमित साफकिया जाए। पूरे शहर के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग ही लिया जाए। बैठक के दौरान बेस्ट लोकेशन को लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। इसके साथ ही अस्थायी कचरा स्थलों को समाप्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को दिए गए है। आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षक, स्पॉट फाईन दल सहित स्वच्छता से जुड़े निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर में 10 किमी मार्ग फोरलेन बनेगा

## बजट में मिली सौगात : मोरवानी व औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनेगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। हाईवे से शहर में आने वाले सभी मार्गों को फोरलेन किए जाने के क्रम में शेष बचे दो मार्गों को भी फोरलेन करने के लिए प्रदेश के वर्ष 2021-22 के बजट में 850 लाख रुपये का प्रविधान किया गया है। इसके साथ ही ओवरब्रिज व अन्य कार्यों के लिए कुल 75 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी।



मंगलवार को विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में प्रारंभिक तौर पर राशि दी गई है। कार्यों की लागत के मान से आगे भी राशि जारी होगी। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि राज्य सरकार के बजट में रतलाम शहर के 10 किमी लंबे आंतरिक मार्गों के उन्नयन हेतु 850 लाख रुपये का प्रविधान किया गया है। इसमें रविदास चौक (करमदी नाका) से करमदी तक के तीन किमी लंबे मार्ग के निर्माण एवं जावरा रोड अंडरब्रिज से सेजावता फंटे तक पांच किमी लंबे फोरलेन के लिए क्रमशः 255 लाख व 425 लाख रुपये का प्राथमिक प्रावधान किया गया है।

मालूम हो कि अभी सैलाना की ओर से शहर में आने वाला मार्ग आरो आश्रम से राममंदिर तक व इससे आगे सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहे तक भी फोरलेन बन चुकी है। यहां से कान्वेंट तिराहे तक काम होना बाकी है। इधर, लेबड़-जावरा फोरलेन पर सालाखेड़ी से जावरा रोड अंडरब्रिज व फव्वारा चौक से कोर्ट तिराहे तक भी फोरलेन बनाई जा चुकी है। करमदी नाका, व जावरा रोड मार्ग के फोरलेन बनने के बाद इंदौर, मंदसौर, बांसवाड़ा, झाबुआ की ओर से शहर में आने वाले सभी मार्ग फोरलेन हो जाएंगे। इससे यातायात सुगम हो जाएगा।

### दो ओवरब्रिज बनेंगे

विधायक काश्यप ने बताया कि बजट में रतलाम-जावरा रेल खंड पर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित समपार के आरओबी निर्माण के लिए 3200 लाख रुपये रखे गए हैं। इससे अल्कोहल प्लांट की लगून भूमि पर विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र का सीधा संपर्क मुख्य मार्ग से होगा। रतलाम-गोधरा रेल खंड पर रतलाम-धोलावड़ रोड पर मोरवनी के समीप स्थित समपार पर आरओबी निर्माण के लिए 2800 लाख रुपये का प्रविधान किया गया है। इससे धोलावाड़ में विकसित हो रहे पर्यटन क्षेत्र में आवाजाही की सुविधा मिलेगी और रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। नईदुनिया

# रतलाम को मिली सड़क मार्गों एवं ओव्हर ब्रिज की सौगातें

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मध्य प्रदेश विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में रतलाम में सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए 75 करोड़ से अधिक की राशि का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है, इससे नागरिकों को फोरलेन सड़क व ओव्हरब्रिज की सौगात मिलेगी, इससे यातायात सुगम होगा।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि राज्य सरकार के बजट में रतलाम शहर के 10 किमी लम्बे आंतरिक मार्गों के उन्नयन हेतु 850 लाख का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार रतलाम के रविदास चौक ( करमदी नाका ) से करमदी तक के 3 किमी लम्बे मार्ग के निर्माण एवं जावरा रोड़ अण्डरब्रिज से सेजावता फण्टे तक 5 किमी लम्बे फोरलेन मार्ग हेतु क्रमशः 255 लाख एवं 425 लाख रुपए का प्राथमिक प्रावधान किया गया है।

श्री काश्यप ने बताया कि बजट में रतलाम- जावरा रेल खण्ड पर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित समपार के आर ओ बी निर्माण हेतु 3200 लाख का प्रावधान किया है, इससे अल्कोहल प्लांट की लगून भूमि पर विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र का सीधा संपर्क मुख्य मार्ग से होगा।

रतलाम-गोधरा रेल खण्ड पर रतलाम-धोलावाड़ रोड पर मोरवनी के समीप स्थित समपार पर आरओबी निर्माण हेतु 2800 लाख का प्रावधान किया गया है, इससे धोलावाड़ में विकसित हो रहे पर्यटन क्षेत्र में आवाजाही की सुविधा मिलेगी और रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रसारण

# कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन व्यवस्था देखी

**रतलाम** ● कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था देखी। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए।

कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है।

कलेक्टर ने कचरे के पृथकरण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं। इस मौके पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 09 दिनांक 03/03/2021

सर्वेक्षण

**निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये निर्देश**

# हर घर से उठे कचरा, गंदगी करने वालों के लिये उडनदस्ता रहे मुस्तैद



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के लिए पुरी ताकत लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर नगर के 49 ही वार्डों के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर निर्देशित किया कि हर घर से कचरा उठवाया जाए और उसका समुचित निपटान करवाया जाये इसके बाद भी अगर कोई नागरिक अपनी दुकान या मकान के बाहर कचरा फेंकता है तो स्पॉट फाईन वसूलने वाला उडनदस्ता 24 घंटे मुस्तैद रहे।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण दल के आने के पहले अब निगम का अमला स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को नम्बर 1 बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की तरह कार्य करेगा। स्वच्छता अभियान में तैनात पर्यवेक्षकों निर्देशित किया कि मेन पावर और मशीनरी पावर का नियमानुसार उपयोग कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नही छोड़े। घर, दुकानों के बाहर व नालियों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना करने के लिये स्पॉट फाईन उड़न दस्ता गठित किया गया है जो प्रातः से रात्रि 12 बजे तक शहर की सडकों पर रहेंगे। ये सभी नगर निगम की गणवेश में रहेंगे और इनके वाहनों में सायरन की सुविधाएं भी रहेंगी। इसी के साथ मोहल्ले, कालोनी और सार्वजनिक आदि स्थानों पर सुबह जल्दी या रात के अंधेरे में कचरे के थैले व थैलियां फेंकने वालो के विरूद्ध दर्जन भर से ज्यादा लठैत (लाठी वाले कर्मचारी) तैनात किए जा रहे हैं।

## रूट चार्ट बनाया गया

इसी तरह शहर के सभी वार्डों में पुलिस विभाग की तरह हर गली,हर मोहल्ला, हर कालोनी, सड़क आदि का रूट चार्ट तैयार कराया गया है। ये रूट चार्ट हर झोन कार्यालय पर रहेगा। इस रूट चार्ट से पता चलेगा कि कचरा संग्रहण वाहन का चालक व हेल्पर कौन है? सडकों की सफाई कौन करता है? नालियों आदि से कचरा कौन एकत्र कर रहा है। जिन वार्डों में बगीचे है उन्हें स्मार्ट बागीचे बनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। हर वार्ड की सड़के, नालियों को नियमित साफ किया जाए। पूरे शहर के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग ही लिया जाए। 215

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 17 दिनांक 03/03/2023

# ओसवालनगर से सूरजश्री कॉलोनी के बीच की स्ट्रीट लाइट छह महीने से बंद

## जनसुनवाई में 65 शिकायतें, निराकरण के लिए विभागों को भेजीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कलेक्टोरेट में जनसुनवाई हुई। एडीएम जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन ने समस्या सुनी। 65 आवेदन आए। इनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

सूरजश्री कॉलोनी निवासी राजेश त्रिवेदी ने शिकायत की कि ओसवाल नगर तथा सूरजश्री कालोनी के बीच स्ट्रीट लाइट के पोल लगे हैं। छह माह से विद्युत प्रदाय बंद है। स्ट्रीट लाइट चालू करवाई जाए। प्रकरण नगर निगम को भेजा है। गवली मोहल्ला निवासी जीवन गवली ने बताया कि प्रार्थी की गुमटी जिस स्थान पर स्थित वह जगह प्रार्थी की है परन्तु गुमटी के पास रहने वाले आए दिन मुझे उक्त जगह से लिए परेशान कर रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। पंचायत मलवासी के ग्राम नाका निवासी कालजी ने आवेदन में बताया पंचायत मलवासी के ग्राम नाका में पानी का संकट है। क्षेत्र में दो हैंडपंप लगे हैं। जिनमें कम मात्रा में पानी आता है। क्षेत्रवासियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। प्रकरण पीएचई को भेजा है। बाजना तहसील के रायपाडा निवासी लक्ष्मण पिता नाथू डोडियार ने जनसुनवाई में बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा नेट हाउस एवं अन्य कार्य के लिए शासन की ओर से 14 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए थे। राशि दिलवाने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा प्रार्थी से कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर धोखाधड़ी करते हुए उद्यानिकी विभाग से 6 लाख रुपए निकाल लिए हैं। मामला उद्यानिकी विभाग को भेजा है ताकि कार्रवाई हो सके। [illegible]





### कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया

# कलेक्टर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम ए.पी.सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर ने कचरे के पृथकरण की प्रकिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

**निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया:** कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## मुखर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसि%जत किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकाने भी बनाई गई है जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं बरते।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण ––पृष्ठ ...19.. दिनांक...03/03/..2021

# बंजली हवाई पट्टी को बचाने के लिए ग्रामीण विधायक भी उतरे मैदान में, मास्टर प्लान को लेकर प्रस्तुत की आपत्ति, व्यक्ति विशेष को लाभ पंहुचाने का आरोप

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

भू माफियाओं की नजरें लगने के बाद खतरे में आई बंजली हवाई पट्टी को बचाने के लिए अब ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना भी मैदान में उतर गए है। विधायक श्री मकवाना ने रतलाम के मास्टर प्लान में हवाई पट्टी के नजदीक आवासीय क्षेत्र का प्रावधान किए जाने पर आपत्ति पेश की है। जिला प्रशासन ने इस आपत्ति को नगर एवं ग्राम निवेश विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि पहले भी इस मामले को उठाया था कि बंजली हवाई पट्टी से सटी भूमि पर चर्चित भू माफिया राजेन्द्र पितलिया ने कॉलोनी विकसित करने की अनुमति मांगी है। यदि हवाई पट्टी के समीप आवासीय योजनाओं को अनुमति दे दी गई, तो बंजली हवाई पट्टी को भविष्य में कभी भी हवाई अड्डे के रुप में विकसित नहीं किया जा सकेगा।

यह मामला उठाया जाने के बाद अब ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने भी जिला प्रशासन के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर शहर के प्रस्तावित मास्टर प्लान में बंजली हवाई पट्टी के समीप दर्शाए गए आवासीय क्षेत्र को हटाने की मांग की है। श्री मकवाना ने कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड को प्रस्तुत अपनी




आपत्ति में कहा है कि मास्टर प्लान में व्यक्ति विशेष को लाभ पंहुचाने के लिए हवाई पट्टी के समीप के कुछ क्षेत्र को आवासीय प्रयोजन के लिए रखने की योजना बनाई गई है, जबकि हवाई पट्टी के विकास की योजना केन्द्र सरकार के पास लम्बित है।

अपनी आपत्ति में विधायक श्री मकवाना ने सर्वे क्र. 271 से लगाकर 277 तक तथा कुछ अन्य सर्वे नम्बरों की भूमियों को आवासीय प्रयोजन से हटाने को कहा है। विधायक श्री मकवाना की आपत्ति में इस बात का भी उल्लेख है कि हवाई पट्टी के आसपास की सभी भूमियां कृषि भूमि के रुप में दर्शित है, परन्तु इनमें से कुछ को कृषि भूमि की बजाय आवासीय उपयोग का किया जाना अपने आप में संदिग्धता को प्रदर्शित करता है। विधायक श्री मकवाना ने मास्टर प्लान के उक्त प्रावधान को बदलने की मांग की है।

विधायक की आपत्ति को नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के पास अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने बताया कि विधायक जी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति को ले लिया गया है और इसे नगर एवं ग्राम निवेश विभाग को भेजा गया है। मास्टर प्लान पर प्रस्तुत किए गए दावे और आपत्तियों के निराकरण के समय उक्त आपत्ति का भी निराकरण किया जाएगा।

प्रसारण

# पंप और वाल्व में खराबी, पोलोग्राउंड टंकी से नहीं हुआ जल वितरण, आज भी रहेगी परेशानी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में नियमित जल वितरण की तैयारी के बीच एक दिन छोड़कर की जाने वाली सप्लाई भी बाधित हो रही है। सोमवार को धोलावड़ में पंप खराब होने से पोलोग्राउंड टंकी नहीं भर पाई और मंगलवार को सप्लाई नहीं हो सकी। शेड्यूल के अनुसार अब प्रभावित क्षेत्रों में बुधवार को सप्लाई होगी जबकि बुधवार वाले क्षेत्रों में गुरुवार को पानी मिलेगा।

धोलावड़ में पंप खराब होने से सोमवार को पोलोग्राउंड टंकी खाली रह गई। निगम के अमले ने मौके पर पहुंचकर सुधार करवाया। इधर मंगलवार शाम करीब चार बजे शहर सराय क्षेत्र में मुख्य सप्लाई लाइन का वाल्व भी खराब हो गया। इससे गोशाला रोड टंकी, महावीर नगर टंकी, पोलोग्राउंड टंकी में जलआपूर्ति रोकना पड़ी। रात आठ बजे तक सुधार कार्य चलता रहा।

**इन क्षेत्रों में आज मिलेगा पानी**

शेरानीपुरा, आनंद कालोनी, महालक्ष्मी नगर, प्रतापनगर, विक्रमनगर, हाकिमवाड़ा, रामबाग, अजंता टाकीज रोड, समता नगर।

**पेयजल समस्या निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष**

रतलाम। ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीके गोगादे ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रातः आठ बजे से रात आठ बजे तक कार्य करेगा। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर गजेंद्रसिंह, दिलीप सोलंकी, रुचिसिंह, आरके खरे, अशोक जोहरी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार तहसील आलोट के लिए उपयंत्री केएन कुमावत 9424047340, ताल के लिए उपयंत्री बीएल बिंडोरिया 9424884525, तहसील जावरा में उपयंत्री इरफान अली 94259 37171, तहसील रतलाम के लिए सहायक यंत्री सुखराम मेडा 8435644081 से संपर्क किया जा सकता है।

नईदुनिया

## 131 दिनों में ठीक किए 159 वाल्व व 890 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 131 दिनों में 159 वाल्व व 890 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है।

## पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम. पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष 07412-270439 है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर गजेंद्रसिंह, दिलीप सोलंकी, रुचिसिंह, आर.के. खरे, अशोक जोहरी की तैनाती की गई है। आलोट के लिए उपयंत्री के.एन. कुमावत, तहसील ताल के लिए उपयंत्री बी.एल. बिंडोरिया, तहसील जावरा के लिए उपयंत्री इरफान अली पर संपर्क किया जा सकता है।

# ड का निरीक्षण किया

## संस्करण केंद्र की कार्य प्रणाली से अवगत हुए

…ोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक … जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में …यार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती …ी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन …ा रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित …।

### …न श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया

कलेक्टर श्री गोपालचंद डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## …नमंत्री आवासों का निरीक्षण किया



कलेक्टर गोपालचंद डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा …ा द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का …रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी …के लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि …क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं बरतें।

५/११/२०

# वार्डवार पर्यवेक्षकों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में करवाया सफाई का कार्य

**रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डो में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है।**

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत वार्ड 6 व 7 के कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर उपस्थित नहीं पाये गये। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 6 मार्निंग स्टार स्कूल के सामने नालियों की सफाई करवाये जाने के साथ वार्ड क्रमांक 5 में नाले की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा आबकारी चौहारा के पास नाले का जाम खोला गया व औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान की बाउण्ड्रीवॉल के आसपास सफाई का कार्य करवाया गया। वार्ड क्रमांक 5 इन्द्रलोक नगर मुख्य मार्ग की सफाई के साथ ही वार्ड क्रमांक 44 सैफी मोहल्ला में भी सफाई का कार्य करवाया गया। इसी तरह नयापुरा में अतिक्रमण हटाकर करवाई व वार्ड क्रमांक 6 विशणुपरी में कीटनाषक दवा छिड़काव किये जाने के अलावा जवाहर नगर सी कालोनी की सफाई, धान मण्डी देवीसिंह की गली की सफाई व वरदान नगर में नाली की सफाई का कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा करवाया गया। अलकापुरी स्थित सुलभ काम्पलेक्स के आसपास व भारत माता उद्यान के अलावा ब्राम्हणों के वास में सफाई करवाई गई। निगम आयुक्त श्री झारिया ने नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देषित किया है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिदिन अपने-अपने वार्डो में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड़ करें। वार्डो में भ्रमण नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों व जानकारी नहीं देने वाले पर्यवेक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। 25 फरवरी को आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड वार नियुक्त 23 पर्यवेक्षकों को निर्देषित किया था कि वे अपने-अपने वार्डो में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर वार्ड में साफ-सफाई, विषेश रूप से सड़को, नालियों की सफाई, उद्यानों की साफ-सफाई व रख-रखाव करवाना, सार्वजनिक दिवारों पर स्वच्छता का संदेष देने वाली वॉल पेंटिग करवाना, सर्वेक्षण के मानक अनुसार वार्डो में साइनेज का कार्य करवाना, वार्डो में उचित दूरी पर डस्टबीन रखवाना, कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनीटरिंग करना, कचरा पृथकीकरण हेतु नागरिकों को प्रेरित करन, अपने-अपने वार्डो में 6-6 ब्रेस्ट पांईट चिन्हित करें करने के निर्देष दिये थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार तेज एक्सप्रेस पृष्ठ ..11.. दिनांक 02/03/ 2021

# रतलाम को महानगर बनाने में स्वच्छता की अहम भूमिका है– सांसद डामोर

## हम रतलाम के विकास के लिए कटिबद्ध है – विधायक श्री काश्यप







रतलाम । हम नगर से महानगर की और बढ़ रहे विकास कार्यों की गति तेज हुई है, और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य भी किए जा रहे है। मगर महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए ताकि रतलाम शहर का नाम स्वच्छता के मामले में भी उन महानगरों को चुनौति दे सके जो हमसे स्वच्छता की दौड़ में देश में आगे चल रहे है।

उक्त विचार रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय श्री गुमानसिंह डामोर ने रविवार को शहर के डोंगरे नगर क्षेत्र में नवनिर्मित कम्युनिटी हाल के लोकापर्ण समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। 21.37 लाख की लागत से निर्मित इस कम्युनिटी हॉल के लोकापर्ण समारोह में नगर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, भारतीय जनता पार्टी के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहूलियत हुई है। कई क्षेत्रों के लोगों को अब मोटी रकम अन्य मैरिज गार्डनों और मांगलिक भवनों पर खर्च नही करना पड़ेगी। हमारा प्रयास है कि रतलाम शहर के हर वार्ड में ऐसे भवन बनाए जाएगे जो भवन हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होगे।

माननीय श्री काश्यप् ने कहा कि रतलाम के चौमुखी विकास के लिए किसी तरह की कसर नही छोड़ी जा रही है। सीवरेज कार्य अंतिम चरण में है और शहर में गंदे पानी की समस्या का समुचित रुप से हल हो रहा है। उन्होने कहा कि हमे भविष्य के रतलाम का निर्माण कर रहे है। 1800 हेक्टयर भूमि पर औधौगिक पार्क का निर्माण होगा, यहां रीजनल एयरपोर्ट बनेगा, आने वाले दिनों अवैध कालोनियों को वैध कराने की प्रक्रिया भी शुरु की जा रही है। हमारा प्रयास है कि रतलाम को महानगर की श्रेणी में लाकर इसे खूबसूरत शहर बनाया जाए।

समारोह में मौजूद भाजपा के प्रादेशिक नेता माननीय श्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर में विकास की गंगा बहे और नागरिक इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए। भाजपा के कार्यकाल में अनेकों जनहितैषी योजनाएं चल रही है और इन योजनाओं का भरपूर लाभ आमजन को दिया जा रहा है। रतलाम शहर में मांगलिक भवनों के निर्माण से आमजन को काफी सुविधा होगी। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए शहर में निर्मित किए जा रहे मांगलिक भवनों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी सिलसिलेवार जानकारी दी।

वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहां कि इस क्षेत्र के बहुत समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए मांगलिक भवन का निर्माण किया गया है। अब यहां रियायती दरों पर नागरिकों को मांगलिक और सामाजिक कार्यक्रम हो सकेगे।

अतिथियों का स्वागत पूर्व पार्षद मनीषा मनोज शर्मा, आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, संतोष मालपानी, प्रफुल्ल पंवार, विजय, सुरेश पुरोहित, राजेन्द्र सिंह, मयूर पुरोहित, बाबूलाल, हितेश जैन आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया और आभार मयूर पुरोहित ने माना।

लोकार्पण अवसर पर भाजपा नेता बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल,प्रदीप उपाध्याय, अनिता कटारिया, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, प्रहलाद पटेट, संतोष पोरवाल,दिनेश शर्मा, आदित्य डागा, गोविन्द काकानी, अनिता कटारा, ललिता पंवार, सत्यदीप भट्ट आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नवभारत–पृष्ठ 03 दिनांक 03/03/2021





# कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के

## ▶ कचरा निष्पादन व्यवस्था का लिया जायजा

जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम एपी सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर श्री डाड ने कचरे के पृथकरण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

**निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया:** कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

**मुखर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया:** कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। नवभारत

**राज्य का बजट** • बंजली हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करेंगे

# शहर की सड़कों और आरओबी के लिए 75 करोड़ रुपए का प्रावधान, कर्मचारी और पेंशनरों में निराशा

**मप्र बजट 2021-22**

## मेरे शहर को क्या मिला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राज्य सरकार का बजट मंगलवार को आया। इसमें बंजली हवाई पट्टी पर पायलेट प्रशिक्षण की घोषणा की है। रतलाम में भी एयरक्रॉफ्ट, रिसाइकलिंग हो सकेगी। बजट में रतलाम में सड़क मार्गों एवं ओवरब्रिज के लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया है। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया 10 किमी की आंतरिक मार्गों के लिए 8.50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। रविदास चौक से करमदी तक के 3 किमी लंबे मार्ग एवं जावरा रोड अंडरब्रिज से सेजावता फंटे तक 5 किमी लंबे फोरलेन मार्ग के लिए 6.80 करोड़ का प्रावधान किया है।

भास्कर

## राज्य के बजट को सीए, कर सलाहकार और व्यापारियों ने देखा तक नहीं

राज्य सरकार के बजट से सीए, कर सलाहकार और व्यापारी दूर ही रहे। इसकी वजह बाजार और टैक्स को लेकर कोई घोषणा की उम्मीद नहीं होना है। क्योंकि बजट में राज्य सरकार ना टैक्स में बढ़ोतरी की घोषणा करती है और ना घटाने की। बजट में राज्य सरकार सिर्फ विभागों को राशि के आवंटन की घोषणा करती है। इसका असर बाजार पर सीधे नहीं होता। शहर के अधिकतर सीए, कर सलाहकार और व्यापारी बजट से दूर रहे। थोक किराना व्यापारी संघ के गोविंद अग्रवाल ने बताया राज्य सरकार कारोबार को लेकर बजट में कोई अहम घोषणा नहीं करती है। इससे बजट नहीं देखते हैं।

## प्रदेश कर्मचारी और पेंशनर बोले-अब हमारे पास आंदोलन की राह ही बची

पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र के एलएन कैलाशिया, गणेश दत्त जोशी, श्याम जोशी, ने बताया 15 मई 2018 को पेंशनरों की पंचायत में किए वायदे के अनुसार सातवें वेतनमान के एरियर राशि के भुगतान के प्रावधान के साथ जुलाई 2019 से 5 फीसदी बकाया मंहगाई राहत राशि के एरियर के भुगतान की घोषणा की उम्मीद थी। कर्मचारी नेता दीपक सुराना ने बताया प्रदेश सरकार ने बजट में कर्मचारियों की मांगों को नजरअंदाज किया है। अब आंदोलन की राह ही बची है। मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सर्वेश माथुर ने बताया पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के भाव बढ़ रहे हैं। कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और सैलरी नहीं। बजट से निराशा मिली है।

## दो आरओबी, इंद्रपुरी बैराज और मचून-भैंसाडाबर रोड पर मलेनी में पुल बनेगा

औद्योगिक क्षेत्र रेलवे फाटक पर 32 करोड़ व मोरवनी पास आरओबी हेतु 28 करोड़ का प्रावधान किया है। धोलावड़ में पर्यटन क्षेत्र को सुविधा मिलेगी और रतलाम का विकास होगा। 3.90 करोड़ से मलेनी नदी पर मचून-भैंसाडाबर रोड पर पुल बनेगा। 2. 59 करोड़ से इंद्रपुरी बैराज बनेगा पिपलौदा ब्लॉक में 216 हेक्टेयर में सिंचाई होगी। पिपलौदा उपमंडी में कव्हर्ड शेड, सीसी, कैंटीन सुविधा मिलेगी। जावरा, पिपलौदा, आलोट, सैलाना व बाजना में मिट्टी प्रयोगशाला बनेगी। पिपलौदा में आईटीआई कॉलेज शुरू होगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ---पृष्ठ 01 ...दिनांक 03/03/...2021

## जुलवानिया में कचरा निष्पादन प्रक्रिया को भी देखा

# मुखर्जी नगर में पीएम आवास निर्माण देख कलेक्टर हुए नाराज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर गोपालचंद्र डाड मंगलवार को मुखर्जी नगर पहुंचे व यहां चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य को देखकर जमकर नाराजी जताई। इंजीनियर को मौके पर फ्लोर को सही करने को कहा। फ्लोर देखकर कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने नाराजी प्रकट की। इसके अलावा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। डाड ने शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की।



कलेक्टर डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के बाद मुखर्जी नगर पहुंचे थे। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को साफ कहा कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए। इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने को कहा। कलेक्टर को बताया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। पत्रिका

### जुलवानियां भी गए

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वान को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम एपी सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

# कचरे से हर दो माह बन रही नौ टन खाद

## एक रुपये किलो में दे रहे, कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। ग्राम जुलवानिया स्थित नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में निगम वाहनों द्वारा शहर से लाए जा रहे कचरे के निष्पादन की व्यवस्था का जायजा मंगलवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने लिया। ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने कलेक्टर को दी। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम एपी सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति दो माह में आठ से नौ टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं, जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं।



कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को जानकारी देते निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

गीले कचरे से जैविक खाद बनाने के लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मीट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है। कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर बंध्याकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए। इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए।